 Roll No. …………………..

# MAHL–101

हिन्दी साहित्य का इतिहास एवं आदिकालीन कविता

M. A. Hindi (MAHL-12/16/17)

First Year, Examination, 2018

**Time : 3 Hours** **Max. Marks : 80**

नोट : यह प्रश्न पत्र अस्सी (80) अंकों का है जो तीन (03) खण्डों 'क', 'ख' तथा 'ग' में विभाजित है। शिक्षार्थियों को इन खण्डों में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

खण्ड–क

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'क' में चार (04) दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए उन्नीस (19) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल दो (02) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. निम्नलिखित में से किसी एक की व्याख्या कीजिए :

(क) तुर्क-ई-हिन्दुस्तानिम मन, दर हिंदवी गोयम जबाब,
शक्कर-ई-मिस्री न दारम कज़ अरब गोयम सुखन
जे हाल मिस्कीं मकुन तगा दुराय नैना बताए बतिया।
कि ताबे हिजराँ न दारम, ऐ जाँ! न लेहु काहे लगाए छतियाँ॥

(ख) देख-देख राधा रूप-अपार।

अपुरुष के बिहि आनि मिलाओल खिति तल लावनिसार।

अंगहि अंग अनंग मुरछाइत हेरए पड़ए अधीर

मनमथ कोटि मथन करु जे जन के हेर महि-दधिगीर॥

2. हिंदी साहित्य के इतिहास की काल विभाजन समस्या पर प्रकाश डालिए।
3. हिंदी साहित्य के आदिकालीन काव्य में रस, छंद, अलंकार योजना पर विचार कीजिए।
4. आदिकालीन कविता में अमीर खुसरो के योगदान पर विचार प्रस्तुत कीजिए।

## खण्ड–ख

## (लघु उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ख' में आठ (08) लघु उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए आठ (08) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल चार (04) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. हिंदी साहित्येतिहास लेखन परम्परा पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।
2. सिद्ध साहित्य पर संक्षेप में विचार कीजिए।
3. आदिकालीन नाथ साहित्य की परम्परा पर संक्षिप्त प्रकाश डालिए।
4. विद्यापति की श्रृंगार योजना पर एक टिप्पणी लिखिए।
5. अमीर खुसरो की भाषा-योजना पर विचार कीजिए।
6. आदिकालीन साहित्य प्रवृत्तियों पर संक्षेप में प्रकाश डालिए।

7. रासो काव्य परम्परा की भाषिक विशेषता पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

8. जैन साहित्य का हिंदी साहित्य में प्रभाव निरूपित कीजिए।

खण्ड–ग

(वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ग' में दस (10) वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए एक (01) अंक निर्धारित है। इस खण्ड के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. 'कीर्तिलता' के रचनाकार का नाम लिखिए।

2. खुसरो का जीवनकाल बताइए।

3. 'श्रावकाचार' के रचनाकार कौन हैं ?

4. जैन साहित्य का प्रथम ग्रन्थ कौन-सा है ?

5. 'रमैनी' किसकी रचनाओं का नाम है ?

6. अमीर खुसरो के गुरु थे :

   (क) हजरत निजामुद्दीन औलिया

   (ख) अलाउद्दीन खिलजी

   (ग) ख्वाज़ा मुइनुद्दीन चिश्ती

   (घ) इनमें से कोई नहीं

7. हिंदी साहित्य का 'स्वर्ण युग' कहा जाता है :

   (क) पुनर्जागरण काल

   (ख) भक्ति काल

   (ग) रीतिकाल

   (घ) आधुनिक काल

8. 'खुमाण रासो' के रचयिता हैं :

(क) दलपति विजय

(ख) जगनिक

(ग) नरपति नाल्ह

(घ) कल्हण

9. हिंदी साहित्य के इतिहास लेखन की परम्परा का सूत्रपात किसके द्वारा माना जाता है ?

(क) शिवसिंह सेंगर

(ख) गार्सा दा तासी

(ग) जॉर्ज ग्रियर्सन

(घ) मिश्र बंधु

10. रीतिकाल को अलंकृत काल कहा है :

(क) डॉ. रामकुमार वर्मा ने

(ख) मिश्र बन्धु ने

(ग) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने

(घ) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी ने